**Regarding Jal Jeevan Mission**

श्री श्यामकुमार दौलत बर्वे **(रामटेक) :** मैडम, माइक चालू नहीं हुआ है । हमारा माइक चालू नहीं हो रहा है । मैडम, माइक शुरू करने के लिए धन्यवाद । मेरा नाम टीवी में नहीं आ रहा है और कल भी नहीं आया था । पांच मिनट का पूरा भाषण हो गया था, लेकिन टीवी में मेरा नाम नहीं आया । ? (व्यवधान)

माननीय सभापति **:** आप अपने विषय को रखिये ।

श्री श्यामकुमार दौलत बर्वे **:** मैडम, टीवी में मेरा नाम नहीं आ रहा है । मतदान क्षेत्र में कैसे जाएगा? देखिये, अभी मेरा नाम आया है । … * ? (व्यवधान)

माननीय सभापति **:** आप अपने विषय को रखिये ।

श्री श्यामकुमार दौलत बर्वे **:** महोदया, वर्ष 2024 में मेरे संसदीय क्षेत्र में 1300 से ज्यादा काम जल जीवन मिशन के अंदर मंजूर किए गए । केन्द्र की निधि, जो 40 करोड़ रुपये मिलनी थी, उसमें से सिर्फ 10 करोड़ रुपये मिले । उस वजह से 578 काम ही पूरे हो सके हैं ।

अभी भी 724 काम बचे हुए हैं । मैं आपके माध्यम से, माननीय मंत्री जी से कहना चाहूंगा कि महाराष्ट्र के नागपुर के लिए जो बकाया निधि है, वह दी जाए । जिस तरह से जल शक्ति का विषय आता है, तो हम लोग देश के प्रधानमंत्री को भगीरथ कहते हैं, क्या वे सही में भगीरथ हैं? वर्ष 2024 में जो योजना पूर्ण होनी थी, उसे आपने वर्ष 2027 तक एक्टेंड कर दिया है । यह अच्छा हुआ कि आपने एक्टेंशन दिया, लेकिन क्या आप उसमें नये काम शामिल करने वाले हैं, कामों की जो त्रुटियाँ हैं, क्या उनको दूर करने वाले हैं?